प्रबंधन के छात्र आइआइएम रांची से ले सकेंगे सीएफए का सर्टिफिकेट

रांची. आइआइएम रांची में शुक्रवार को चार्टर्ड फाइनांसियल एनालिस्ट (सीएफए) इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम की शुरुआत हुई. इसका उद्देश्य सीएफए प्रोग्राम को प्रबंधन के विद्यार्थियों के बीच उपलब्ध कराना है. सीएफए की ओर से 150 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं. आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि फाइनांस से जुड़े विद्यार्थी अतिरिक्त योग्यता के लिए सीएफए की डिग्री लेते हैं, ताकि भविष्य में बेहतर अवसर के साथ पैकेज हासिल कर सकें. अब आइआइएम रांची, सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम का केंद्र बनेगा. जहां विद्यार्थी सीएफए की परीक्षाएं दे सकेंगे. यह केंद्र देश के नौवें सीएफए केंद्र के रूप में चिह्नित किया गया है. प्रबंधन के विद्यार्थियों को अब केंद्र से फाइनांस एनिलिस्ट के तौर पर व्यावहारिक जानकारी भी दी जायेगी.

- आइआइएम रांची में खुला सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम का नया केंद्र

इसके लिए समय-समय पर विद्यार्थियों को दुनिया भर के व्यवसायियों से रूबरू कराया जायेगा.

देश में सीएफए प्रोग्राम की मांग तेजी से बढ़ी : सीएफए इंस्टीट्यूट की कंट्री हेड आरती पोरवाल ने कहा कि आइआइएम रांची के साथ जुड़कर इस कोर्स को आगे बढ़ाया जायेगा. ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी कोर्स का लाभ ले सकें, इसकी पहल की जायेगी. जिससे प्रबंधन का गुण सीखकर विद्यार्थी युवा उद्योगपति के रूप में अपनी पहचान बना सकेंगे. देश में सीएफए प्रोग्राम की मांग तेजी से बढ़ी है. सर्टिफिकेशन कोर्स से प्रबंधन के विद्यार्थियों को फाइनांसिएल एनालिस्ट बनने का मौका मिल रहा है. सीएफए इंस्टीट्यूट रांची सहित सात नये शहरों में परीक्षा केंद्र शुरू कर चुकी है.

Prabhat Khabar,18.03.2023,Pg. 05